Regarding acute shortage of water in Sikar district, Rajasthan-Laid

श्री अमरा राम **(सीकर) :** राजस्थान के सीकर जिले के 13 नगर निकाय एवं 900 गांव-ढाणियों में पेयजल की भयंकर समस्या बनी हुई है इन शहरों एवं गांव ढाणियों में पेयजल योजनायें भूमिगत जल पर निर्भर थी जो करीब-करीब सूख चुका है या अत्यधिक फ्लोराइड युक्त हो गया है जो पानी पीने लायक नहीं रहा है जिससे लोगो को काफी समस्या का सामना कर रहे हैं जिसके समाधान हेतु वर्ष 2021 में सीकर एवं झुंझुनू को पेयजल उपलब्ध कराने के उदेश्य से कुंभाराम लिफ्ट योजना से जल जीवन मिशन पेयजल योजना में करीब 8000 करोड़ रूपये की योजना बनी हुई है लेकिन न तो आज तक जल का अलॉटमेंट हुआ है तथा न हीं राज्य सरकार द्वारा बजट की व्यवस्था करके टेंडर किया गया है तथा न हीं वर्क आर्डर किया गया है । अतः केंद्र सरकार एवं जल शक्ति मंत्री से निवेदन है कि अतिशीघ्र पानी अलॉट करके इसकी स्वीकृति जारी करके काम शुरू किया जाए जिससे प्यासी शेखावाटी के लोगों की प्यास बुझाई जा सके । जल जीवन मिशन को 5 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी इस योजना पर काम शुरू नहीं हुआ है जो चिंता का विषय है अत: अतिशीघ्र पेयजल की समस्या का निदान किया जाये ।